डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा बच्चों के लिए रचनात्मक लेखन पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न
75 बच्चों ने लिया भाग
सहभागिता कर रहे बच्चों को प्रदान किए गए प्रमाण–पत्र

नई दिल्ली। 2 जून 2023; ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों तथा युवा पीढ़ी को भारतीय भाषाओं तथा साहित्य के प्रति संवेदनशील बनाने तथा पढ़ने और स्वयं लिखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य को लेकर साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित कार्यशाला 'क़िस्सा–ओ–कलम' का आज समापन हुआ। कार्यशाला का आयोजन 29 मई से 2 जून 2023 के बीच अकादेमी के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में दिल्ली एनसीआर के 75 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यशाला के आज हुए समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य अकादेमी, आप सभी भविष्य के लेखकों का अकादेमी परिवार में स्वागत करती है और उम्मीद करती है कि आने वाले समय में आप एक संवेदनशील नागरिक और लेखक बनकर देश की प्रगति में सहयोग करेंगे। उन्होंने साहित्य अकादेमी द्वारा नवोदय योजना का परिचय भी दिया, जिसमें उभरते हुए युवा साहित्यकार अपनी प्रथम पुस्तक का प्रकाशन साहित्य अकादेमी द्वारा करवा सकते हैं। उन्होंने कार्यशाला के दौरान बच्चों द्वारा लिखी गई विभिन्न रचनाओं का संचयन प्रकाशित करने की संभावना भी व्यक्त की।

कार्यशाला का संचालन चंदना दत्ता और वंदना मिश्र द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान बाल साहित्य विशेषज्ञ अर्चना अत्रि के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम और पुस्तकालय भ्रमण का भी विशेष आयोजन किया गया था। ज्ञात हो कि साहित्य अकादेमी द्वारा अपनी तरह की पहली इस कार्यशाला का आयोजन 2017 से शुरू किया गया था लेकिन कोरोना महामारी के चलते यह दो साल नहीं हो पाई थी। इस कार्यशाला का यह चौथा संस्करण था। कार्यशाला के लिए 8 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों का चयन, उनके माता–पिता से बातचीत और बच्चों के साक्षात्कार के बाद, कौशल के आधार पर किया गया था। पाँच दिवसीय इस कार्यशाला का संयोजन अकादेमी के उपसचिव एन.सुरेशबाबु ने किया।

के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in